**संट मारग्रेट सी. सै. स्कूल**

**डी-ब्लॉक, प्रशांत विहार, रोहिणी, नई दिल्ली-110085**

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र परीक्षा - 2023-24**

**समय : 3 घंटे** **कक्षा- नवीं विषय-हिंदी** **पूर्णांक:80**

**सामान्य निर्देश-**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' तथा खंड 'ब' ।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करिए |
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न** **अंक 40**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** **1x5=5**

मार डालना, खुदी, अहंकार और घमंड - ये सभी एक ही दुर्गुण के भिन्न-भिन्न नाम हैं । अहंकार को सदा ही जीवन में नीचा देखना पड़ता है । घमंड के कारण अनेक बार मनुष्य सत्य को भुला बैठता है और दूसरे के अस्तित्व को महत्त्व देने के लिए तैयार ही नहीं होता। वह दूसरे व्यक्ति की हस्ती को अपने सम्मुख तुच्छ समझने और मानने लगता है, और वह अनेक बार दूसरे का अपमान भी करता है। केवल अपने को सर्वगुण संपन्न मानना और दूसरों को बिलकुल शून्य ही समझना तो नितांत मूर्खता और बुद्धिहीनता ही है। ऐसा व्यक्ति जब मूर्ख और बुद्धिहीन सिद्ध हो गया, तो यह भी स्पष्ट ही हो गया कि वह भीतर से बिलकुल ही खाली है।

आवाज़ से भरी हुई वस्तु निश्चित है कि भीतर से खोखली होगी, ढोलक अथवा ढोल भीतर से खाली इसीलिए रखे जाते हैं कि वे अधिकाधिक ज़ोर से आवाज़ कर सकें। यदि उनके भीतर की शून्यता को भर दिया जाए, तो फिर ढोल आवाज़ ही नहीं कर सकता। घमंड, अहंकार, खुदी से भरे हुए लोगों की बातों और बोलों से ही ज्ञात हो जाता है कि वे थोथी बातें कर रहे हैं।

(1) जीवन में नीचा किसे देखना पड़ता है ?

क- पक्षपाती को    ख- अहसान न मानने वाले को    ग- घमंड को    घ- गरीब को

(2) खुदी, अहंकार और घमंड-ये सभी क्या हैं ?

क- सगुण के भिन्न-भिन्न नाम    ख- दुर्गुण के भिन्न-भिन्न नाम

ग- अहंकारी के भिन्न-भिन्न नाम    घ- अपराधी के भिन्न-भिन्न नाम

(3) घमंडी व्यक्ति की तुलना किससे की गई है ?

क- ड्रम से    ख- लोटे से    ग- ढोल से    घ- घड़े से

(4) .................मानना मूर्खता और बुद्धिहीनता का सूचक है-

क- अपने को सर्वथा शून्य तथा दूसरों को सर्वगुण संपन्न    ख- अपने साथ दूसरों को भी सर्वगुण संपन्न

ग- दूसरों को अपमानित करके स्वयं को उचित    घ- अपने को सर्वगुण संपन्न तथा दूसरों को सर्वथा शून्य

(5) थोथी बातों से तात्पर्य ऐसी बातों से है, जिनमें-

क- मज़ा नहीं आता    ख- सार तत्व नहीं होता

ग- एक ही तथ्य को बार-बार कहा जाता है    घ- बातों को बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया जाता

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1x5=5**

1971 के भारत-पाक युद्ध में समुद्र में जीत हासिल करने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई गई निणार्यक भूमिका की याद में प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को 'नौसेना दिवस' परंपरागत रूप से मनाया जाता है | यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हैं तथा अपने सेवानिवृत्त सैनिकों और युद्ध-विधवाओं के बलिदान को याद करते हैं | इस दिन भारतीय नौसेना राष्ट्र की निरंतर सेवा के प्रति अपनी वचनबद्धता और निष्ठा को दोहराती है | भारत की समुद्री शक्ति के प्रमुख उपादान और अभिव्यक्ति के रूप में समुद्री अधिकार क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा की निगरानी और उसमें बढोत्तरी के लिए भारतीय नौसेना एक अहम भूमिका का निर्वाह करती है | अधिकांशत: जनता की नजरों से दूर खामोशी के साथ काम करने वाली इस सेना के आकार और क्षमता में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वृद्धि हुई है, जो सतत रूप से बढ़ते इसके कार्यक्षेत्र तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके बढ़ते महत्व के अनुरूप है | नौसेना की सक्रियात्मक गतिविधियों में तदनुसार संगत विस्तार हुआ है तथा इसमें हिंद महासागरीय क्षेत्र तथा उससे परे के क्षेत्रों का भी समावेश हो गया है | यह जानकर सुखद अनुभूति होती है कि नौसेना हमारी विस्तृत समुद्री सीमाओं की निरंतर चौकसी कर रही है और उनमे पेश आने वाले खतरों और चुनौतियों का हमेशा तेजी से और पूरी दक्षता के साथ मुकाबला किया है | समुद्री डकैती की रोकथाम, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय त्रासदी के दौरान तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में भारतीय नौसेना की अनवरत प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है | मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे समर्पित और निष्ठावान नौसेना कर्मिक राष्ट्र द्वारा उन्हें सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे |

(1) नौसेना दिवस कब मनाया जाता है ?

(क) 04 जनवरी (ख) 04 मार्च (ग) 04 दिसंबर (घ) 04 जून

(2) 'सामना करना' के लिए अनुच्छेद में आया है:

(क) चौकसी करना (ख) निर्वाह करना (ग) मुकाबला करना (घ) भूमिका निभाना

(3) 'परंपरागत' से तात्पर्य है -

(क) परंपरा से गए हुए (ख) परंपरा से मिले-जुले (ग) परंपरा से आए हुए (घ) पराए वंश में पड़े हुए

(4) यह जानकर बहुत आनंद प्राप्त होता है कि हमारी नौसेना........|वाक्य पूर्ण करिए |

(क) विशाल समुद्री सीमा की चौकसी कर रही है| (ख) विशाल युद्धों में भाग लेती है |

(ग) जनता की नजरों से दूर रह कर काम करती है | (घ) विशाल हिंद महासागर में स्थित है |

(5) 'अहम भूमिका' से तात्पर्य है:

(क) अहंकार से भरी भूमिका (ख) अभिमान से पूर्ण भूमिका (ग) महत्वपूर्ण भूमिका (घ) अपनी भूमिका

**प्रश्न-3 निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : 1×4=4**

(1) वाक्य के नियमों से कौन मुक्त होता है ?

(क) भाषा के (ख) शब्द (ग) भाषा और वाक्य के (घ) किसी नियम से मुक्त नहीं होता है

(2) पद शब्द का____________ रूप होता है |- रिक्त स्थान की पूर्ति करिए |

(क) सामान्य (ख) सहज (ग) सरल (घ) प्रचलित

(3) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में अनुनासिक का उचित प्रयोग हुआ है ?

(क) काँच (ख) आंख (ग) गान्धी (घ) चांदनी

(4) अनुस्वार के लिए कौन-से चिह्न का प्रयोग किया जाता ?

(क) बिंदु (ख) चंद्रबिंदु (ग) क और ख दोनों (घ) निर्देशक

(5) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में अनुस्वार के मानक रूप का प्रयोग हुआ है ?

(क) सम्वाद (ख) मंजन (ग) दन्त (घ) बन्धन

**प्रश्न-4 निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : 1×4=4**

(1) 'प्रदर्शनी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयोग हुआ है ?

(क) पर (ख) परा (ग) प्र (घ) पार

(2) निम्नलिखित विकल्पों में से अरबी-फारसी का उपसर्ग छांटिए ।

(क) अन (ख) सब (ग) ग़ैर (घ) हेड

(3) 'ठाकुराइन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(क) आइन (ख) ईन (ग) ई (घ) इन

(4) निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द 'इका' प्रत्यय से संबंधित है?

(क) रसिक (ख) सजावट (ग) नायिका (घ) नाटकीय

(5) इनमें से किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों नहीं जुड़े हुए हैं ?

(क) संभावित (ख) समाज (ग) अपमानित (घ) निर्जनता

**प्रश्न-5 निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : 1×3=3**

(1) 'सु+अल्प' में निहित संधि भेद छांटिए -

(क) गुण (ख) यण (ग) वृद्धि (घ) दीर्घ

(2) 'श्रद्धा+आनंद' शब्दों के मेल से बना शब्द है ?

(क) श्रद्दानंद (ख) श्रद्धानंद (ग) श्रदंनद (घ) श्रद्धाआनंद

(3) 'यथार्थ' शब्द का उपयुक्त संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(क) यथा + अरथ (ख) या + अर्था (ग) यथा + अर्थ (घ) यथ +आर्थ

(4) 'अ + ए = ऐ' स्वरों का मेल किस शब्द में हुआ है ?

(क) रवीश (ख) रजनीश (ग) नदीश (घ) एकैक

**प्रश्न-6 निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : 1×3=3**

(1) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में विराम चिह्न का सही प्रयोग नहीं हुआ है ।

(क) वाह ! तुमने अच्छा किया । (ख) यह क्या अनर्थ हो गया ?

(ग) मैं वहाँ काम नहीं करूँगा ! (घ) अनुज को वह करना चाहिए |

(2) _______विराम चिह्न का प्रयोग अधिकांश गणित विषय तथा विशिष्ट जानकारी देने के लिए होता है|

(क) त्रुटिपूरक चिह्न (ख) कोष्ठक चिह्न (ग) विस्मयसूचक चिह्न (घ) प्रश्न चिह्न

(3) कवि <u>निराला</u> मेरे प्रिय कवि है | रेखांकित में उचित उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए ।

(क) ' ' (ख) **?** (ग) : (घ) **-**

(4) निम्नलिखित में से उपविराम चिह्न पहचानिए ।

(क) **()** (ख) **.** (ग) **;** (घ) **:**

**प्रश्न-7 निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए : 1×2=2**

(1) राधिका वहाँ जाओ | - अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए ।

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) आज्ञावाचक वाक्य (ग) इच्छावाचक वाक्य (घ) निषेधवाचक वाक्य

(2) निम्नलिखित वाक्यों में से विस्मयवाचक वाक्य पहचानिए ।

(क) वह कल यहाँ आ जाए। (ख) अच्छा ! तुम आ गए।

(ग) आपकी यात्रा मंगलमय हो। (घ) सूर्यास्त अभी नहीं हुआ है ।

(3) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा विधानवाचक वाक्य नहीं है ?

(क) सुबह घूमना अच्छा होता है | (ख) यदि सभा में शोर होगा तो भाषण नहीं होगा |

(ग) छात्र पढ़ रहा है। (घ) पर्यटक समुद्र के किनारे गए हैं।

**प्रश्न-8 निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x5=5**

सत्कार की उष्मा समाप्त हो रही थी। डिनर से चले थे, खिचड़ी पर आ गए। अब भी अगर तुम अपने बिस्तर को गोलाकार रूप नहीं प्रदान करते तो हमें उपवास तक जाना होगा। तुम्हारे-मेरे संबंध एक

संक्रमण के दौर से गुज़र रहे हैं। तुम्हारे जाने का यह चरम क्षण है। तुम जाओ न अतिथि! तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है न! मैं जानता हूँ। दूसरों के यहाँ अच्छा लगता है। अगर बस चलता तो सभी लोग दूसरों के यहाँ रहते, पर ऐसा नहीं हो सकता। अपने घर की महत्ता के गीत इसी कारण गाए गए हैं। होम को इसी कारण स्वीट-होम कहा गया है कि लोग दूसरे के होम की स्वीटनेस को काटने न दौड़ें। तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है, पर सोचो प्रिय, कि शराफ़त भी कोई चीज़ होती है और गेट आउट भी एक वाक्य है, जो बोला जा सकता है।

अपने खर्राटों से एक और रात गुंजायमान करने के बाद कल जो किरण तुम्हारे बिस्तर पर आएगी वह तुम्हारे यहाँ आगमन के बाद पाँचवें सूर्य की परिचित किरण होगी। आशा है, वह तुम्हें चूमेगी और तुम घर लौटने का सम्मानपूर्ण निर्णय ले लोगे। मेरी सहनशीलता की वह अंतिम सुबह होगी।

(1) लेखक की सहनशक्ति किस दिन ज़वाब देने वाली थी ?

(क) दूसरे (ख) पाँचवे (ग) तीसरे (घ) चौथे

(2) लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुखी होकर क्या बनाने को कहती है ?

(क) खिचड़ी (ख) पुलाव (ग) आलू (घ) खीर

(3) लेखक के अनुसार अतिथि के समय पर लौट जाने पर अतिथि का क्या सुरक्षित रहता है ?

(क) सामान (ख) इज़्जत (ग) देवत्व (घ) मान

(4) लेखक अंत में दुखी हो कर अतिथि से क्या कहता है ?

(क) और कितना परेशान करोगे (ख) कब तक ठहरोगे

(ग) कितनी बात करोगे (घ) उफ, तुम कब जाओगे, अतिथि ?

(5) अतिथि के न जाने से लेखक की भावनाएँ किसका स्वरुप ग्रहण कर रही हैं ?

(क) गालियों का (ख) प्रेम का (ग) स्नेह का (घ) ईर्ष्या का

**प्रश्न-9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x2=2**

(1) कवि 'हरिवंशराय बच्चन' के अनुसार कठिन रास्ते पर चलने का फैसला करने वाले मनुष्य को क्या प्रतिज्ञा करनी चाहिए ?

क- वह कभी थकेगा नहीं ख- वह कभी रुकेगा नहीं

ग- वह कभी पीछे मुड़ कर देखेगा घ- उपरोक्त सभी

(2) कविता 'नए इलाके में' कवि को क्या धोखा दे जाते हैं ?

क- पुराने घर ख- पुरानी बातें ग- अनजान लोग घ- पुराने निशान

**प्रश्न-10 निम्नलिखित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x5=5**

नई गलियों के बीच
कई नालों के पार
कूड़े करकट
के ढ़ेरों के बाद
बदबू से फटते जाते इस
टोले के अंदर

खुशबू रचते हैं हाथ!

उभरी नसोंवाले हाथ
घिसे नाखूनोंवाले हाथ
पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ
गंदे कटे पिटे हाथ
जख्म से फटे हुए हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ!

**(1)** कवि का 'खुशबू रचते हैं हाथ' से क्या अभिप्राय है ?
(क) अगरबत्ती बनाने वाले हाथों से (ख) गुलदस्ता बनाने वालों से
(ग) इत्र बनाने वालों से (घ) फूल बनाने वाले हाथ

**(2)** अगरबत्ती का कारखाना अक्सर कहाँ होता है ?
(क) किसी बड़ी गली में (ख) घरों और सड़कों के किनारे
(ग) बदबूदार कूड़े के ढेर के समीप (घ) सुंदर कालोनी

**(3)** काव्यांश के कवि का नाम लिखिए :
(क) रामधारी सिंह (ख) गुलाब राय (ग) अरुण कमल (घ) छाया देवी

**(4)** कवि के अनुसार तंग गलियों में कितनी अगरबत्तियां बनती है ?
(क) हजारों (ख) लाखों (ग) पूरे देश की (घ) दो लाख

**(5)** अगरबत्ती बनाने वाले कारीगरों के हाथ कैसे होते हैं ?
(क) उभरी नसें, नाखून घिसे हुए (ख) मजबूत हाथ
(ग) मेहनती व सख्त हाथ (घ) रंग-बिरंगे हाथ

**प्रश्न-11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x2=2**

(1) रामन भारत सरकार के कौन-से विभाग में अफसर बन गए ?
क- वित्त विभाग ख- शोध विभाग ग- आयकर विभाग घ- अनुवाद विभाग

(2) कर्नल खुल्लर ने सभी सदस्यों को सहज भाव से क्या स्वीकार करने को कहा ?
क- कठिन चढाई ख- मृत्यु ग- परेशानियाँ घ- इनमें से कुछ नहीं

**खंड ब वर्णनात्मक प्रश्न अंक 40**

**प्रश्न-12 निम्नलिखित पूरक पुस्तिका 'संचयन' पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) पाठ 'स्मृति' में दोनों भाइयों ने मिल कर कुएँ में नीचे उतरने की क्या युक्ति अपनाई ?

(ख) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर बताइए कि कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(ग) अर्थ स्पष्ट कीजिए :- इन कृतियों के बीच अपने को कितना भरा-भरा महसूस करता हूँ ।

**प्रश्न-13 निम्नलिखित पठित कविताओं पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) 'रैदास के पद' कविता के पहले पद -'अब कैसे छूटे...भक्ति करै रैदासा ||' का केंद्रीय भाव को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) (i) भाव स्पष्ट करिए : चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध नरेस |

जा पर बिपदा पड़त है, सो आवत यह देस ||

(ii) कवि रहीम की भाषा के बारे में भी लिखिए |

(ग) गीत-अगीत क्या होता है ? इनमें से कौन सुंदर है ?

**प्रश्न-14 निम्नलिखित पठित पाठों पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) एवरेस्ट की यात्रा के दौरान कुल कितने कैंप लगाये गए थे ? या वेंकट रामन के जीवन से मिलने वाले संदेश को लिखिए |

(ख) आशय स्पष्ट कीजिए - शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और .....दुखी होने का भी एक अधिकार होता है |

(ग) महादेव देसाई और गांधीजी एक दूसरे के पूरक थे | कैसे ?

**प्रश्न-15** बाज़ार में विदेशी कपड़ों की बिक्री स्वदेशी कपड़ों की तुलना में ज़्यादा है | स्वदेशी कपडे खरीदने की सलाह देते हुए मित्र को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए | **6×1=6**

**अथवा**

अपने चाचा जी को धन्यवाद देते हुए 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए कि उनके मार्गदर्शन के कारण ही आप विदेश यात्रा के भय से बाहर निकल पाए |

**प्रश्न-16** शादी-विवाह समारोह के दौरान खरीददारी की समस्या पर दो महिलाओं का आपसी संवाद लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। **5x1=5**

**अथवा**

दंत चिकित्सक और रोगी के मध्य ख़राब दाँतों की चिंताजनक स्थिति पर लगभग 80-100 शब्दों में संवाद लिखिए ।

**प्रश्न-17 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं की सहायता से लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 6×1=6**

**क) बूढ़े माता-पिता के लिए वृद्धाश्रम क्यों ?**

- एकल परिवार की अपनी दीवारों तक सिमटती सोच, भागम-भाग भरा जीवन, संस्कारों की कमी, संवेदनहीनता, माता-पिता को खुद से जोड़े रखने का आह्वान आदि।

**ख) राष्ट्रीय एकता**

- भरता का गौरव, विघटनकारी तत्व, उन्नति के तरीके

**ग) ज्ञान-विज्ञान का महत्त्व**

- ज्ञान-विज्ञान का अर्थ, प्राप्त सफलता, नए रास्ते एवं मंजिलें, निष्कर्ष

**प्रश्न-18 चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का अपनी कल्पनाशक्ति से लगभग 80-100 शब्दों में वर्णन कीजिए : 5×1=5**

